# सांस्कृतिक और सामाजिक के साथ आर्थिक पुनरुत्थान की भी नींव रखेगा महाकुम्भ

**लोगों की जेब में आएगा पैसा तो बढ़ेगी क्रय शक्ति, मांग में होगा इजाफा, अधिक उत्पादन से होगी रोजगार में वृद्धि**

महाकुम्भ नगर।

**तीर्थराज प्रयागराज में हो रहा महाकुम्भ 2025 न सिर्फ सांस्कृतिक और सामाजिक बल्कि आर्थिक पुनरुत्थान की दिशा में भी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाल ही में इसकी ओर संकेत किया था, जब उन्होंने कहा था कि महाकुम्भ से दो लाख करोड़ का व्यापार होगा।**

देश और प्रयागराज के अर्थ से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो 45 दिन तक चलने वाले इस महाआयोजन से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की वृद्धि हो सकती है। यही नहीं, जीएसटी कलेक्शन में भी भारी उछाल देखने को मिलेगा। यह बात शनिवार को देश के मशहूर सीए और अर्थशास्त्री पंकज गांधी जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि दुनिया भर से आ रहे श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे खर्च से मांग बढ़ेगी, उत्पादन बढ़ेगा, रोजगार में वृद्धि होगी और छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों की जेब में पैसा आएगा। यही नहीं, सरकार को भी इस आयोजन से बड़े पैमाने पर आय होगी, जिसका उपयोग प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा। कुल मिलाकर यह आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल साबित होगा।

**अर्थव्यवस्था में जान डाल देगा महाकुम्भ :** देश के मशहूर सीए और अर्थशास्त्री पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार, इस बार के महाकुम्भ के आंकड़े जो सरकार बता रही है उसके होने भर से ही नॉमिनल और रियल दोनों जीडीपी के आंकड़ों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। बतौर उत्तर प्रदेश सरकार देश विदेश से करीब 45 करोड़ लोग इस महाकुम्भ में आएंगे। वो काशी, अयोध्या, चित्रकूट समेत देश के कई हिस्सों में जाएंगे। यदि उनके घर से कुम्भ में आने से लेकर घर वापस आने तक का प्रति व्यक्ति औसत खर्च जोड़ लेंगे तो औसत करीब 10 हजार रुपए प्रति व्यक्ति हो सकता है। ऐसे में यदि 45 करोड़ में इस दस हजार प्रति व्यक्ति खर्च का गुणा करेंगे तो यह करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपए होता है। इसे हम दस फीसदी अनुमान रिस्क के नाम पर थोड़ा कम चार लाख करोड़ ही मान लेते हैं तो भी यह अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए कमाल का आंकड़ा है। कुम्भ का अर्थशास्त्र तिमाही के आंकड़ों को तो मजबूत करेगा ही, साथ ही देश के वार्षिक राष्ट्रीय जीडीपी को भी मजबूत करेगा और अर्थव्यवस्था को भी।

**निवेश का कई गुना रिटर्न मिलेगा :** पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार, सरकार का इस महाकुम्भ में हुए निवेश से कई गुना रिटर्न आ जाएगा। डबल इंजन की सरकार महाकुम्भ के आयोजन पर मिलाकर करीब सोलह हजार करोड़ रुपए का खर्च कर रही है। अगर इसी को आधार मान लें तो सरकार की ही आय कई गुना हो जाएगी। मसलन अगर चार लाख करोड़ पर औसत जीएसटी का संग्रह निकालें तो यह करीब 50 हजार करोड़ के आसपास होगा।

**इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी मजबूती :** प्रयागराज के प्रख्यात सीए अनिल गुप्ता के अनुसार महाकुम्भ के भावनात्मक पहलू के साथ ही आर्थिक पहलू भी बहुत महत्वपूर्ण है। सरकार ने इस बार महाकुम्भ को लेकर जो निवेश किया है, उससे बड़े पैमाने पर रेवेन्यू भी जेनरेट होगा। रेलवे, ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिसिटी समेत कुम्भ मेले में रेंट पर जो भूमि आवंटित की गई है, इन सभी से व्यापक रेवेन्यू जेनरेट होगा। इन सभी को मिलाकर देखें तो जीएसटी और समस्त इंफ्रास्ट्रक्चर से सरकार को करीब एक लाख करोड़ रुपए आय की संभावना है।

# 434 दिव्यांजन व वृद्धजन को वितरित किए गए 67 लाख से अधिक के सहायक उपकरण



फिरोजाबाद।

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत शनिवार को शिविर लगाकर माह नवम्बर में चिन्हित 402 दिव्यांगन तथा 32 वरिष्ठजन लाभार्थियों को लगभग 67 लाख 76 हजार के 897 सहायक उपकरणों का नि:शुल्क वितरण किया गया।**

समारोह का आयोजन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधीन कार्यरत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर द्वारा एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक अतुल प्रताप सिंह ने करते हुए कहा कि शिविर में आये वरिष्ठजनों को फिरोजाबाद जिले के अन्तर्गत पूर्व में विभिन्न विकास खण्डों में आयोजित किये गये परीक्षण शिविर में चिन्हित किया गया था। इन पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को भारत सरकार की एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के लाभार्थियों के लिए जीवन सहायक उपकरण प्रदान किए गए उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले लाभार्थी सक्षम हैं - समर्थ है, इन सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभार्थियों को स्वावलम्बी व सशक्त करने और उन्हें समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में चेयरमैन सिरसागंज रंजना सिंह, उप जिलाधिकारी सिरसागंज, दिव्यांगजन शसक्तीकरण अधिकारी, एलिम्को के प्रतिनिधि सहायक प्रबन्धक संदीप कुमार, विपणन अधिकारी हिमांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली से आ रही वोल्वो बस पलटी, कई यात्री घायल

लखनऊ।

**पारा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक वोल्वो बस पलट गई। हादसे में कई यात्री घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें से कुछ यात्री महाकुंभ को जा रहे थे।**



दिल्ली से सवारियों को लेकर एक वोल्वो बस लखनऊ की ओर आ रही थी। रविवार की सुबह तिकुनिया मोड़ पर बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार यात्री चीखने-चिल्लाने लगे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से बस में सवार घायल यात्रियों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। इनमें कुछ लोगों को मामूली चोटें आयीं, जो प्राथमिक उपचार के बाद अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो गये। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बस में तीस से अधिक सवारी भरी थी। इनमें कुछ लोग महाकुंभ जा रहे थे। कुछ यात्री बाराबंकी और सुलतानपुर के रहने वाले हैं। अमन नाम के ट्रैवल एजेंट ने बस को बुक किया था। घटना के बाद से चालक फरार है। घायलों में एक बच्चे की हालत ज्यादा नाजुक है। सात महिलाएं भी घायल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस का 5 घंटे चला धरपकड़ अभियान, 66 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद।

जनपद पुलिस ने शनिवार की रात्रि में पांच घंटे अभियान चलाकर 66 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित हैं, जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर जिले में वारंटियों, एनबीडब्लू व एसआर व वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध शनिवार की रात्रि को 12 बजे से सुबह 05 बजे तक अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस ने कुल 66 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें 62 एनबीडब्ल्यू व दो एसआर मुकदमों में वांछित व दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें थाना उत्तर ने 5, थाना दक्षिण ने 2, थाना रामगढ़ ने 4, थाना रसूलपुर ने 5, थाना टूण्डला ने 4, थाना पचोखरा ने 3, थाना नारखी ने 4, थाना नगला सिंघी ने 1, थाना सिरसागंज ने 8, थाना नगला खंगर ने 1, थाना नसीरपुर ने 3, थाना शिकोहाबाद ने 4, थाना मक्खनपुर ने 2, थाना खैरगढ़ ने 2, थाना जसराना ने 6, थाना फरिहा ने 3, थाना लाइनपार ने 4, थाना बसई मौहम्मदपुर ने 3 व थाना मटसेना ने 2 अभियुक्त को पकड़ा है। इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र पांच घण्टे में 62 एनबीडब्ल्यू वारंटियों तथा दो एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों तथा दो वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 66 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

महाकुंभ के रंग आधुनिक तकनीकी के संग

# हाथ की कला को राजस्थान के नौजवान ने बनाया रोजगार का जरिया

महाकुम्भ नगर।

**आधुनिक तकनीकि और हाथ की कला को राजस्थान एक नौजवान आधुनिक तकनीकी एवं हाथ की कला को एक साथ जोड़कर रोजगार का नायाब जरिया बना लिया है। देव कृपा फोटो प्रिंटिंग के नाम से बनियान और सेन्थेटिक के सादे वस्त्र पर विभिन्न प्रकार के सामानों पर फोटो छापकर प्रतिदिन कमाई कर रहा है। इतना ही नई इस रोजगार के सहारे अन्य युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा रहा है।**

महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर एक में काफी महंगी दुकान लेकर यह कार्य शुरू किया है। राजस्थान के जैसलमेर जनपद में स्थित पोखरण निवासी देव राम ने बताया कि एक बनियान पर नाम लिखने के लिए मात्र दौ सौ रूपया लेता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के चित्र की छपाई कर रहा है। नाम प्रिंट कराने वालों की अधिक डिमांड है। हालांकि वह कुम्भ के लोगों के साथ देश के विभिन्न धार्मिक चित्र एवं फिल्मी दुनिया के अभिनेताओं का चित्र प्रिंट कर रहा है। देव कृपा फोटो प्रिंटिंग के संचालक देव राम ने बताया कि महेज इंटर की शिक्षा ग्रहण करने के बाद एक चाचा स्टूडियो में पांच वर्ष तक हुनर सीखने के बाद, अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत किया और बाद में उसने नौकरी छोड़कर खुद काम खड़ा कर लिया। उसने बताया कि आधुनिक तकनीकी को अपने हुनर का सहारा बनाया और इस कार्य में लग गया है। वह राजस्थान जैसलमेर एवं पोखरण में इस कार्य को समय—समय पर आगे बढ़ाता गया और उसका रोजगार चल पड़ा।

महाकुम्भ क्षेत्र में प्रचार प्रसार और कमाई का नया अवसर मानते हुए उसने सेक्टर एक में एक छोटी सी दुकान महाकुम्भ मेला प्राधिकरण से काफी महंगी लिया और मेले में आकर अपना कार्य शुरू किया है। उसकी दुकान पर युवाओं व बच्चों की भीड़ लगी हुई है।

## आपका राशिफल 20 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक 6 7 9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक 2 6 9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बनते-बनते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक 3 5 7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक 3 6 8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-1-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

# एकात्म धाम से जाएगा महाकुंभ का संदेश आचार्य शंकर हमारे आदर्श : अवधेशानंद गिरि

भोपाल।

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रयागराज महाकुंभ के सेक्टर 18 में स्थित एकात्म धाम शिविर में शुक्रवार को जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने न्यास द्वारा आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर केंद्रित प्रदर्शनी 'अद्वैत लोक' का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने एकात्म धाम शिविर को महाकुंभ का सबसे अद्भुत शिविर बताते हुए कहा कि यह शिविर एकत्व की बात करता है और इसका संदेश भगवान आद्य शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत पर आधारित है। इस विश्व को जब भी समाधान की आवश्यकता होगी, वह अद्वैत वेदांत में ही मिलेगा। ए.आई. के युग में सत्य की



खोज के लिए वेदांत की ओर जाना ही एकमात्र मार्ग होगा। महाकुंभ का जो संदेश पूरे विश्व में जाना चाहिए, वह एकात्म धाम से जाएगा। विश्व में अशांति कलह,युद्ध सभी का समाधान अद्वैत है। सभी नामरूपों में एक ही ब्रह्म अनेकरूपता एक ब्रह्म का विस्तार समस्त विश्व को यह सत्य आद्य शंकर ने दिया। सत्य की खोज की प्रामाणिकता सिद्ध करने हेतु वेदांत की ओर जाना ही एकमात्र मार्ग है। उन्होंने शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि यहां आकर मैं आल्हादित एवं गौरवान्वित हूँ। मुझे प्रसन्नता है कि मैं भी न्यास का हिस्सा हूँ, यह कल्पनाओं से परे है, ऐसा अद्भुत शिविर मैंने कहीं नहीं देखा। इस अवसर पर उन्होंने आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा तैयार एकात्म धाम शिविर एवं अद्वैत वेदांत युवा जागरण शिविर की लघु फ़िल्म का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उपस्थित शंकरदूतों और श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अद्वैत वेदांत के महत्व पर प्रकाश डाला और इसके आध्यात्मिक और सामाजिक पक्ष को समझाया।

फिल्म लोकार्पण के बाद पद्मश्री मधुप मुद्गल ने साउंड्स ऑफ़ वननेस के अंतर्गत कबीर की वाणी में अद्वैत के भावों को प्रस्तुत किया। उनकी सांगीतिक प्रस्तुति ने श्रोताओं को अद्वैत के रस से आनंदित कर दिया। कबीर की वाणी और संगीत के माध्यम से अद्वैत का अनुभव प्रदान करते हुए उन्होंने श्रोताओं को बताया कि एकत्व और सत्य का मार्ग ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य है।

इस अवसर महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती सहित संतजन उपस्थित रहे। एकात्म धाम शिविर, अद्वैत वेदांत के लोकव्यापीकरण का प्रमुख केंद्र बनकर महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है। यहाँ होने वाली गतिविधियां अद्वैत दर्शन के गूढ़ तत्वों को सरलता से जनमानस तक पहुँचाने का कार्य कर रही हैं। सोमवार की शाम 6 बजे प्रसिद्ध गायक अलंकार सिंह गुरुवाणी में अद्वैत भाव का गायन करेंगे।

# डल्लेवाल के चिकित्सा सहायता लेने पर 121 किसानों ने आमरण अनशन समाप्त किया

चंडीगढ़ (एजेंसी)। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के चिकित्सा सहायता लेने के बाद उनके साथ एकजुटता दिखाने के लिए खनौरी विरोध स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे 121 किसानों के एक समूह ने अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया। डल्लेवाल (70) ने 26 नवंबर को आमरण अनशन पर बैठने के बाद कोई भी चिकित्सा सहायता को लेने से इनकार कर दिया था, लेकिन किसानों की मांगों पर चर्चा के लिए 14 फरवरी को बातचीत के लिए केंद्र का आमंत्रण मिलने के बाद वह शनिवार को चिकित्सा सहायता लेने पर सहमत हो गये

उनकी तबीयत बिगड़ने और सरकार द्वारा उनकी मांगें नहीं मानने पर 111 किसानों का एक समूह खनौरी के पास हरियाणा की सीमा में 15 जनवरी को डल्लेवाल के आमरण अनशन में शामिल हो गया। इसके बाद 17 जनवरी को हरियाणा के 10 और किसान उनके साथ जुड़ गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक मनदीप सिंह सिद्धू और पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह की मौजूदगी में 121 किसानों ने जूस पीकर अपना अनशन समाप्त किया।

# दिल्ली में भाजपा की स्थिति मजबूत पार्टी बनाएगी सरकार :मनोज तिवारी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**उत्तर-पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी और केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत की उम्मीद जताई। दोनों नेताओं ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की स्थिति मजबूत है।**

सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा उठाए गए प्रश्नों को केजरीवाल सरकार %हमले% के रूप में देखती है। जबकि, सवाल दिल्ली की जनता के हितों को लेकर उठाए गए हैं। अब हर दिल्लीवासी केजरीवाल सरकार पर सवाल उठाने में संकोच नहीं करेगा और इसे एक तरह से हमला माना जाएगा। उन्होंने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में बांग्लादेशी कनेक्शन जुड़ने से समाज में बढ़ती अराजकता का संकेत मिलता है। यह घटना बढ़ते अपराध और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का परिणाम है, जो सख्त कार्रवाई की आवश्यकता को दिखाती है। दिल्लीवासियों के लिए पीएम मोदी की गारंटी का जिक्र करते हुए, सांसद ने कहा कि दिल्ली के गरीब और जरूरतमंद लोगों को गैस सिलेंडर, बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था, अटल भोजन योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। इन योजनाओं के चलते भाजपा को आगामी विधानसभा चुनावों में जीत मिलने की संभावना है। कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना पर कोर्ट के फैसले पर उन्होंने कहा कि कानून अपना रास्ता तय करेगा और उसे हर दृष्टि से स्वीकार किया जाना चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर में बारिश-बर्फबारी की सम्भावना

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर - जम्मू कश्मीर में अभी हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद ठंड में और बढ़ोतरी हुई है। अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है और कुछ स्थानों पर बर्फबारी भी हो रही है। गुलमर्ग, जो बर्फ से लदा हुआ है, घाटी का सबसे ठंडा क्षेत्र बना हुआ है, जहां न्यूनतम तापमान -8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन 20-23 जनवरी के बीच हल्की बर्फबारी होने का अनुमान है। जम्मू में मौसम शुष्क बना हुआ है, जबकि आसमान में बादल बने हुए हैं।


## जाहिर सूचना

**प्लाट नं. बी-11, ग्राम मोरगा, तहसील हुज़ूर, भोपाल**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रियदर्षिनी सिंह पत्नी श्री सूरज देव सिंह निवासी म. नं. 05 दीप मोहिनी कॉलोनी खजूरीकंला भोपाल (म.प्र.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल सम्पत्ति एक किता प्लाट नं. बी-11, जो खसरा क्रमांक 73, 76 कुल रकबा 4.960 का अंशभाग क्षेत्रफल (30 फिट गुणा 50 फिट) 139.40 वर्गमीटर अर्थात् 1500 वर्गफिट है स्थित ग्राम मोरगा पटवारी हल्का नं. 04 रा. नि. म. 01 विकास खण्ड फंदा तहसील हूज़ूर जिला भोपाल (म.प्र.) जिसकी चर्तुसीमाएं निम्नानुसार है पूर्व में-भूखण्ड बी-12, पश्चिम में-भूखण्ड बी-10, उत्तर में-भूखण्ड बी-सी 05 एवं 06 तथा दक्षिण में-रोड को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध दिनांक 8.1.2025 को मेरे पक्षकार के मध्य निष्पादित किया है। यदि उपरोक्त क्रय की जा रही अनुबंधित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी एवं अन्य का कोई हित, स्वत्व संबंध या किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन हो, तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में स्पष्ट प्रमाण सहित कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती, दावा, स्वत्व या अधिकार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त अनुबंधित संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिए पूर्णत: स्वतंत्र होगा।

**योगेश पवार, अधिवक्ता**
**245, ओल्ड अशोका गार्डन, रायसेन रोड, भोपाल**
**सम्पर्क-9893276073, 9425027947**

3272

## जाहिर सूचना

पंच सेवा गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल के निष्क्रिय सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने के लिए आमसभा एवं संचालक मंडल द्वारा निर्णय लिया जाकर संबंधित सदस्यों को पंजीकृत डाक से कारण बताओ सूचना पत्र भेजा गया है। सूचना के लिए अतिरिक्त तौर पर यह सूचना प्रकाशित करायी जा रही है-1. सर्वश्री राजेश सोनी 2. स्वदेश मंगल 3. शिवनारायण 4. मोहन अग्रवाल 5. राकेश विट्ठल 6. शांतिलाल गर्ग 7. राजेश अग्रवाल 8. संतोष जैन 9. राकेश स्वामी 10. श्रीमती अलका 11. एम.टी. राखे 12. आनंद भंवर 13. मुजफ्फर खान 14. करीम खान 15. मंगल सिंह यादव 16. पप्पू तिवारी 17. अजय तिवारी 18. शरद श्रीवास्तव 19. बटनलाल 20. तनवीर हुसैन 21. कैलाश सिंह 22. रामस्वरूप चौरे 23. डॉ. के.एल. मोदी 24. पीयूष कोठारी 25. राजेश गर्ग 26. सरला सोनी 27. बालमुकुन्द सोनी 28. अशोक कुमार 29. सुनील कुमार त्रिवेदी 30. अनिल कुमार 31. श्रीमती सरोज 32. रामसुनदर 33. कमरलाल 34. शैलेन्द्र श्रीवास्तव 35. श्रीमती शरद वर्मा 36. राजेश कुमार 37. श्रीमती शकुन्तला 38. श्रीमति अनुराधा रैकवार 39. किशोर कुमार 40. रामचन्द्र राय 41. विष्णु बंसल 42. अर्पित बंसल 43. नंदकिशोर 44. शिवनारायण 45. जयनारायण 46. विष्णु प्रसाद 47. शरद सोनी 48. प्रदीप वर्मा 49. सुनील खत्री 50. संदीप खरे 51. राजीव माला 52. अंजुम फारुखी 53. प्रमोद कुमार 54. विमल विनायक 55. युसुफ खान 56. नासिर खान 57. राजेन्द्र प्रसाद 58. कमलेश्वर द्विवेदी 59. चांद नईम 60. महेश कुमार 61. भगवान दास बंसल 62. अंकुर ऐरन 63. मनीष श्रीवास्तव 64. दीपक सिंह 65. महक सिंह 66. कपिल गोस्वामी 67. प्रेमचंद गोस्वामी 68. अर्जुन पारिख 69. महिपाल सिंह 70. अहमद नफीस 71. तुलसीराम 72. श्रीमति लीलाबाई 73. बाबासम 74. धनरूपमल 75. देवीप्रसाद 76. विजय बाजपेयी 77. जे.पी. पाठक 78. हरीराम 79. भूपेन्द्र पोखरियाल 80. श्रीमती कल्ला चौरसिया 81. केदारनाथ शर्मा 82. शूधम सिंह 83. विपिन गुप्ता 84. विजय मंगल 85. श्रीमती परवीन सुल्तान 86. श्रीमती सुधा सिंह 87. रामनारायण सिंह 88. योगेश मिश्रा 89. राजकिशोर 90. आलोक गुप्ता 91 श्रीमती पुष्पा चौरसिया 92 श्रीमती ममता दिल्लौटे 93. अभिलाषा सक्सेना 94. अमरदीप सिंह 95. श्रीमती रविन्द्र कौर 96. श्रीमती हरलीन कौर 97. मनिन्दर कौर 98. निर्मलदीप पहावा 99. संतोष शुक्ला 100. भगवती प्रसाद चतुर्वेदी 101 चन्द्रप्रकाश जे. सिंघानी 102 निर्भय सिंह 103. अभिषेक गोस्वामी 104. अरविन्द शर्मा 105. चैनसिंह विष्ठ 106. श्रीमती शांति विष्ठ। इन सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वे समिति कार्यालय से अपना नोटिस और दस्तावेज प्राप्त कर समिति को अपना उत्तर 15 दिवस की समयावधि में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में समिति द्वारा यह मानकर की आपको कुछ नहीं कहना है यथायोग्य निर्णय ले लिया जायेगा।

**अंचित गोयल, अध्यक्ष**
**मो. 9977303535**

3271